आईआईएम की समर प्लेसमेंट प्रक्रिया संपन्न

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने 2022-23 के लिए अंतिम व समर प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी कर ली। संस्थान के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव बोले छात्रों ने एक बार फिर अपनी क्षमता साबित की है। प्रो श्रीवास्तव ने टैलेंट पूल की गुणवत्ता और संस्थान की ओर से उन्हें तैयार करने में उनके भरोसे के लिए सभी नियोक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि छात्रों ने एक बार फिर कुछ शीर्ष कंपनियों में अत्यधिक मांग वाले पदों को हासिल करके अपनी उत्कृष्टता साबित की है।

Hindustan, 15.02.2023, Pg. 09